an>

Title: Need to complete the construction work of railway overbridge at railway crossing No. 39A/E3 in Hapur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। हापुड़-बुलन्दशहर रेल खंड के ऊपर हापुड़ में गढ़ रोड़ पर रेलवे फाटक संख्या 39ए पर ऊपरगामी सेतु का निर्माण गत लगभग तीन वÂान से चल रहा है। इस कार्य के पूरा होने की समय-सीमा जून-2016 तक निर्धारित की गई थी, परन्तु धीमी गति से कार्य होने के कारण इसके वर्ष 2016 के अन्त तक भी बनने की सम्भावना नहीं है। हापुड़ से गढ़ जाने वाले जिस मार्ग पर यह रेलवे ओवरब्रिज बन रहा है, वह हापुड़ का मुख्य मार्ग है। ओवरब्रिज के निर्माणाधीन होने के कारण ठेकेदार द्वारा रेलवे फाटक को लगभग पूरी तरह बन्द कर दिया गया है तथा इस कारण हापुड़ शहर दो भागों में बंट गया है। नगर के प्रमुख स्कूल, सरकारी अस्पताल तथा सब्जी मंडी जैसी आवश्यक सुविधाएं नगर के एक तरफ तथा जिला मुख्यालय, मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा नगर के दूसरी तरफ हो गए हैं। ओवरब्रिज के दोनों ओर नियमानुसार पटरियाँ भी नहीं बनाई गई हैं। ऊबड़-खाबड़ संकरा सा रास्ता है, जिस पर दोपहिया वाहन बड़ी कठिनाई से निकल पाते हैं तथा अनेक बार गड्डों में गिर जाते हैं। रेलवे के अधिकारियों ने भी वहाँ की व्यवस्थाओं की किसी प्रकार से कोई चिन्ता नहीं की है। आरओबी का निर्माण करने के नाम पर रेलवे के अधिकारियों ने ठेकेदार को इस रेलवे क्रॉसिंग का पूरा कब्जा दे दिया है। थ्री व्हीलर तथा बड़े वाहनों को निकलने के लिए जो वैकल्पिक मार्ग दिया गया है, वह शहर की घनी आबादी वाली गलियों में से होकर जाता है तथा अत्यंत संकरा है, जिस कारण वहाँ निरन्तर जाम की स्थिति बनी रहती है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि हापुड़ नगर में इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा किए जाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि जल्द से जल्द इस आरओबी का निर्माण पूरा हो सके तथा जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to be associated with the issue raised by Shri Rajendra Agrawal.